**आकाशवाणी शिमला**

**10.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे**

**प्रधानमंत्री**

देश ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक तक उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बेहतर सुशासन की राजनीति और जिम्मेदार व जवाबदेही की सरकार देकर देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है। विभिन्न भाजपा नेताओं ने कहा कि इन 11 सालों में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 भारत के इतिहास में एक टर्निंग प्वाइंट बनकर आया और भ्रष्टाचार, घोटालों तथा अस्थिरता से त्रस्त लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में एक निर्णायक नेता मिला। इस बीच प्रदेश में भी केंद्र की मोदी सरकार के सत्ता में 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा अनेक कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी है।

**सीएम दौरा**

हिमाचल प्रदेश की ऐतिहासिक भारत–तिब्बत सीमा एक बार फिर देश के आम लोगों के लिए खुलने जा रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू किन्नौर जिले के प्रवास के दूसरे दिन आज शिपकी–ला दर्रे से सीमा पर्यटन गतिविधि का शुभारंभ करेंगे। एक रिपोर्ट.....

**हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले के सीमावर्ती गांव शिपकी–ला से तिब्बत के लिए एक सिल्क रूट की शाखा रही है जहां से भारत और तिब्बत के बीच सदियों से व्यापार होता रहा है। वर्ष 1962 में चीन के हमले के बाद शिपकी–ला दर्रे से व्यापारिक गतिविधियों पर विराम लगा लेकिन वर्ष 1993 के बाद एक बार फिर यहां से भारत–तिब्बत के बीच व्यापार का चलन शुरू हुआ और अब प्रदेश सरकार की मांग पर वर्षों से अनछुए व प्राकृतिक रूप से सुंदर क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों के लिए रक्षा मंत्रालय से मंजूरी मिली है। जिसे देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू यहां सीमा पर्यटन गतिविधि का शुभारंभ करने जा रहे हैं जिसके फलस्वरूप राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में अब पर्यटक यहां के नैसर्गिक सौंदर्य को निहार सकेंगे। मुख्यमंत्री अपने दौरे के दौरान छोपन में सरहद वन उद्यान का शिलान्यास भी करेंगे।**

**आकाशवाणी समाचार के लिए सरूपमा शर्मा।**

**रक्षा राज्यमंत्री**

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने बीते कल शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमांन का दौरा किया। इस दौरान उन्हें लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने सेना प्रशिक्षण कमांन द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत करवाया। रक्षा राज्यमंत्री ने सेना प्रशिक्षण कमान की विभिन्न पहलों की सराहना करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की वीरता व शौर्य का ऐतिहासिक बताते हुए इसे आतंकवाद और इसके अपराधियों के खिलाफ लड़ने के लिए भारत के दृढ़ रूख का सफल प्रदर्शन कहा। उन्होंने पूर्व सैनिकों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की भी। इस बीच केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता को भी संबोधित करेंगे।

**गृह मंत्रालय–मुआवजा**

केंद्र सरकार जम्मू–कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्रों में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान क्षतिग्रस्त मकानों के लिए अतिरिक्त 25 करोड़ रुपए का प्रावधान करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तानी गोलाबारी में क्षतिग्रस्त मकानों के लिए अतिरिक्त मुआवजे की घोषणा की थी। गृह मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री ने पूरी तरह क्षतिग्रस्त मकानों के लिए दो–दो लाख रुपए और अंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए एक–एक लाख रुपए की अतिरिक्त क्षतिपूर्ति की घोषणा की थी।

**एडवाईज़री**

मानसून सीजन को देखते हुए कांगड़ा जिला प्रशासन ने पर्यटकों व लोगों के लिए एहतियातन एडवाईज़री जारी की है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी शिल्पी बेक्टा ने बताया कि यदि कोई भी सैलानी खड्डों या नदी नालों में नहाते या फिर अटखेलियां करते हुए पाया जाता है तो उसके विरूद्ध डिजास्टर मेनेजमेंट एक्ट के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**डयूरिंग मानसून और डीएम एक्ट में हम एक नोटिफिकेशन निकालते हैं जहां पर लोगों को जो हमारे रनर्स हैं या जो खड्डें हैं उसमें जाने पर रोक होती है और मेन हमारा यही है कि जो भी लोग इस तरह से अवेहलना करते हुए पकड़े जाएं तो उनपर हम अंडर रेलिवेंट सैक्शन ऑफ डीएम एक्ट के तहत एफआईआर सहित केस दर्ज करेंगे।**

**मौसम**

प्रदेश में करीब एक सप्ताह से साफ मौसम के चलते तापमान में लगातार बढ़ौतरी दर्ज की जा रही है। बीते 24 घंटों के दौरान हमीरपुर जिले के नेरी में अधिकतम तापमान 42 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार आज प्रदेश के कई क्षेत्रों में लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है।

**सुर्खियां समाचार पत्रों से...**

अमर उजाला की सुर्खी है **एचपीयू के यूआईटी में बिना अनुमति लगाए पांचों एचओडी हटाए–कुलपति की अनुमति के बगैर बना दिए थे विभागाध्यक्ष।**

मुख्यमंत्री के हवाले से दैनिक जागरण लिखता है **शोंगटोंग कड़छम परियोजना का कार्य तय समय पर होगा पूरा।** दिव्य हिमाचल के अनुसार **कर्ज में डूबे हिमाचली ऊर्जा उत्पादकों को राहत देगी सरकार।**

मौसम पर पंजाब केसरी का शीर्षक है **प्रचंड गर्मी–ऊना में इस माह का सर्वाधिक 42 दशमलव 4 डिग्री पहुंचा पारा।**

आपका फैसला की एक खबर है **टैक्सी परमिट की अवधि 12 वर्ष से बढ़ाकर 15 वर्ष करे केंद्र सरकार।**